धर्मगुरुओं, प्रणाम!

मानोज रखित

यशोधर्मन

कृतिस्वाम्य मानोज रखित पता 8-604 डिस्कवरी, दत्तपाड़ा मार्ग, बोरीवली पूर्व, मुंबई 400 066 दूरभाष 98698 09012 ईमेल maanojrakhit@gmail.com वेबसाइट maanojrakhit.com

कोई भी व्यक्ति इसे छपवा सकते हैं पर कृतिस्वाम्य मेरा ही रहेगा - छपवाने वाले व्यक्ति का एवं छापने वाले मुद्रणालय का नाम व पूरा पता भी यहाँ छापना होगा एवं कम-से-कम 10 प्रतियाँ मुझे छपते ही तुरंत भेजनी होंगी।

अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक क्रमांक ISBN-13 978-81-89990-20-6
अथवा ISBN-10 81-89990-20-9

संस्करण जून 2008 प्रतियाँ 1000

अनेक प्रतियाँ देश के अनेक प्रांतों में निःशुल्क बँटती हैं जिन पर काफ़ी खर्च आता है। इस धर्मयज्ञ में आहुति स्वरूप जो भी अर्पण करना चाहें उसे (1) साधारण डाक द्वारा भेज सकते हैं अथवा मनीऑर्डर कर सकते हैं - पता ऊपर दिया हुआ है (2) स्थानीय बैंक में जमा करा सकते हैं - स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया बचत खाता क्रमांक 00000010416869077 (कुल 17 अंक) अथवा पंजाब नैशनल बैंक बचत खाता क्रमांक 1231000100149604 (कुल 16 अंक)। अधिक संख्या में प्रतियाँ मंगाना चाहें तो 100 प्रतियों के लिए छपाई के 300 रुपये एवं डाक खर्च के 50 रुपये भेज दें।

आइडियल प्रेस, अंबावाड़ी, दहिसर पूर्व 400068 दूरभाष 98920 75431 देवेन्द्र वारंग

वन्दना-त्रयी, देवी-वन्दना एवं समर्पण

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु में देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

(प्रथम पूजा के अधिकारी एवं ज्ञान के देवता श्री गणेश की स्तुति में)

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता, या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना।

या ब्रह्माच्युतशङ्करप्रभृतिभिर् देवैस्सदावन्दिता, सा माम् पातु सरस्वती भगवती निश्शेषजाड्यापहा।।

(कला एवं विद्या की देवी माँ सरस्वती की स्तुति में)

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुस्साक्षात परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।

(गुरुओं के गुरु अंतिम गुरु ब्रह्मा विष्णु महेश की स्तुति में)

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरुपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तसै नमस्तसै नमो नमः।।

(आदि शक्ति माँ दुर्गा की स्तुति में)

कायेन वाचा मनसेन्द्रिऐवा बुध्यात्मना वा प्रकृते स्वभावात,

करोमि यद्यद् सकलं परस्मै नारायणायेति समर्पयामि।।

(श्री नारायण के श्री चरणों में समर्पित यह कृति)

धर्मगुरुओं, प्रणाम!

आप एक महती कार्य में रत हैं। आप हिन्दुओं में हिन्दुत्व की भावना को जिलाये रखे हैं। आपकी इस देन के लिए हिन्दू समाज सदा आपका ऋणी रहेगा।

आपके ज्ञान एवं गुणों के समक्ष मैं एक तुच्छ व्यक्ति हूँ। मेरी धृष्टता को क्षमा कर इस पुस्तक में समाहित तथ्यों पर विचार करें तथा इस संदर्भ में जो भी आपसे बन पड़े वह करें। बस, यही मेरी आपसे प्रार्थना है।

पाठकों, सादर अभिवादन!

पिछले कुछ वर्षों से मेरी दिनचर्या तथा कार्यप्रणाली कुछ ऐसी रही है कि मेरे लिए कहीं आना-जाना अथवा किसी से मिलना सुविधाजनक नहीं हो पाता। अतएव आपसे निवेदन है कि किसी प्रकार का आमंत्रण देने की कृपा न करें अथवा मिलने का आग्रह न करें।

समयाभाव के कारण यथासमय पत्रोत्तर देना संभव नहीं हो पाता फिर भी मेरी चेष्टा यही रहेगी कि समय पर प्राप्ति संवाद दूँ चाहे उत्तर अत्यन्त संक्षिप्त ही क्यों न हो।

आपका प्रेम बना रहे, बस यही कामना है। पुस्तक में यदि कुछ ऐसा कुछ पायें जिसे पढ़ कर आपको लगे कि इसे दूसरों तक पहुँचाना भी उचित होगा तो यथासाध्य चेष्टा करें। मेरी कथनी को केवल संकेत के रूप में स्वीकारें एवं अपना मार्ग स्वयं चुनें। ईश्वर आपका भला करें। सदा ईश्वर में एवं अपने कर्मों के प्रतिफल में विश्वास रखें।

संदर्भ सूची

(1) धर्म ग्रंथ

होली बाइबल, किंग जेम्स वर्ज़न, ब्रॉडमैन ऐंड हॉलमैन पब्लिशर्स, बेलजियम, योरप ISBN 0-8400-3625-4 [1996]

***कुरआन** मजीद* (अरबी-अंग्रेज़ी-हिंदी) मु. मा. पिक्थाल एवं मुहम्मद फ़ारुक खाँ, मक्तबा अल-हसनात ISBN 81-86632-00-X [2003]

कुरआन मजीद, हिंदी अनुवाद हज़रत मौलाना अब्दुल करीम पारेख साहब, एजुकेशनल पब्लिशिंग हाउस, लालकुँआँ दिल्ली [ISBN अनुपलब्ध]

श्रीमद्भगवद्गीता, गीता प्रेस, गोरखपुर [ISBN अनुपलब्ध]

(2) शब्दकोश (अनुवाद के लिए)

अंगरेजी-हिन्दी कोश, फ़ादर कामिल बुल्के, काथलिक प्रेस, राँची [ISBN अनुपलब्ध]

ऑक्सफ़ोर्ड अंग्रेज़ी-हिंदी शब्दकोश ISBN 978-019-564819-5

राजपाल अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश, डॉ हरदेव बाहरी, ISBN 81-7028-100-8

The New Oxford Dictionary of English ISBN 019-565432-3

New Oxford Dictionary for Writers and Editors ISBN 978-019-861040-3

(3) अन्य प्रकाशित पुस्तकें एवं प्रकाशित सी-डी तथा वेब साइट

The Calcutta Qur'an Petition edited by Sita Ram Goel ISBN, 81-85990-58-1 [1999]

Selections from Hindu Scriptures - Manu Smriti, Prof G C Asnani ISBN 81-900400-4-9 [2000]

Chants of India, Pundit Ravi Shankar, Angel Records, 2002, Dr Nandakumara, Sanskrit literature, text and meanings

The Myth of Saint Thomas and the Mylapore Shiva Temple, Ishwar Sharan, ISBN 81-85990-21-2 [1995]

A Hindu View of the World - Essays in the intellectual Kshatriya Tradition, N S Rajaram, ISBN 81-85990-52-2 [1998]

Eminent Historians: Their Technology, Their Line, Their Fraud, Arun Shourie, ISBN 81-900199-8-8 [1998]

हिन्दू जनजागृति समिति http://www.hindujagruti.org/

1- क्या मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना?

बचपन से मैं यही सुनता आया था कि *मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना* और इसे सदा से सच ही मानता आया था। फिर एक दिन ऐसा आया जब *श्रीमद्भगवद्गीता* मुझे खींच कर इटली (2002) ले गई। वहाँ जो कुछ देखा व सुना उसपर सहसा विश्वास न कर सका। जब लौट कर आया तो ईसाई धर्म के उद्भव, इतिहास एवं शिक्षाओं का अध्ययन किया। उसी का एक सिरा थामकर आगे बढ़ते हुए मुझे इस्लाम के उद्भव, इतिहास एवं शिक्षाओं के अध्ययन का भी अवसर मिला। हृदयस्पर्शी जानकारियाँ जो मुझे मिलीं उनमें से एक छोटा-सा हिस्सा आपके समक्ष प्रस्तुत करता हूँ। सत्य को उसके नग्न स्वरूप में आपके सामने ला रहा हूँ, इस बात की आशा किए बिना कि आप उसे आत्मसात कर, जो भी इस परिस्थिति में उचित है, उसे करना चाहेंगे, या फिर उसे अनदेखा कर भुला देना ही बेहतर समझेंगे। कर्म आपका (एवं आपकी आने वाली संतानों का) होगा तथा समय आने पर उसका प्रतिफल भी आपका (एवं आपकी आने वाली संतानों का) ही होगा। मैं अपना कर्म कर रहा हूँ, आप अपने सामाजिक दायित्व के बारे में सोचें।

मूसा का धर्म



डिउटेरॉनॉमी 12:1 ये हैं **(बाइबिल के) ळॉर्ड (ईश्वर) के विधान (कानून)** जिनका तुम पालन करोगे **तब तक** जब तक तुम इस पृथ्वी पर जिओगे 12:2 तुम पूरी तरह **विनाश** कर दोगे उन सभी स्थानों का जिन पर तुमने अधिकार किया, यदि वहाँ के लोग **किसी भी अन्य भगवान** की पूजा करते हों, चाहे वे ऊँचे पर्वतों पर बसते हों, या पहाड़ियों पर, या फिर हरी-भरी वादियों में 12:3 और तुम उनके पूजा की वेदियों **विध्वंश** कर दोगे, उनके पूजा के स्तम्भों को तोड़ दोगे, उनके उपवनों को जला दोगे, उनके **देवी-देवताओं** के अंकित चित्रों को चीर डालोगे, गढ़ी हुई **मूर्तियों** को काट डालोगे, उनका **नाम तक** वहाँ से **मिटा** डालोगे 13:6 यदि तुम्हारा **सगा भाई** जो है तुम्हारी अपनी माँ का बेटा, या तुम्हारा **पुत्र**, या तुम्हारी **पुत्री**, या तुम्हारी **पत्नी** जो तुम्हारे ह्रदय में बसती हो, या तुम्हारा वह **मित्र** जो तुम्हारी अपनी आत्मा के समान है - इनमें से यदि कोई तुम्हें चुपके से फुसलाए कि चलो हम चल कर दूसरे धर्म के भगवान की पूजा करें जो न तुम्हारे भगवान हैं न तुम्हारे पूर्वजों के 13:8 न तुम अपनी सहमति दोगे, न तुम उसकी बात सुनोगे, न तुम्हारी नज़र में उसके प्रति दया होगी, न तुम उसे क्षमा करोगे, न तुम उसे छुपाओगे 13:9 तुम उसे अवश्य ही **मार डालोगे**, तुम्हारा हाथ वह **पहला हाथ** होगा जो उसे मृत्यु के द्वार तक पहुँचाएगा, उसके पश्चात दूसरे लोगों के हाथ उस पर पड़ेंगे 13:10 और तुम उसे पत्थरों से मारोगे ताकि वह मर जाए क्योंकि उसने तुम्हें तुम्हारे अपने भगवान से दूर ले जाने की चेष्टा की 20:16 उन शहरों को जिनका तुम्हें तुम्हारे भगवान ने उत्तराधिकारी बनाया, उन शहरों के लोगों में से **किसी को भी साँस लेता न छोड़ना** 20:17 उन्हें पूर्णतया नष्ट कर देना 32:24 उन्हें भूख से तड़पाओ और जलती हुई आग की लपटों को निगल जाने दो उनके शरीरों को, उनकी मौत अत्यंत दुःखद हो, मैं भी भेजूँगा जानवरों को जिनके दाँत उनके शरीरों पर गड़ेंगे और साँपों को जिनका विष उन्हें धूल चटाएगा 32:25 बिना तलवार के उनके दिलों में आतंक भर दो, नष्ट कर दो जवाँ मर्दों को, कुमारियों को, **माँ का दूध पीते नन्हे बच्चों** को, और **वृद्धों को जिनके बाल पक चुके हों**।

ईसाइयाह 13:16 **उनकी आँखों के सामने उनके बच्चों** को पूरी शक्ति के साथ उठा कर पटको ताकि उनके टुकड़े-टुकड़े हो जायें, और **उनकी पत्नियों का बलात्कार** करो।

नम्बर्स 31:17 **बच्चों** में प्रत्येक **नर** का कत्ल कर डालो और प्रत्येक उस स्त्री का भी जिसने किसी पुरुष के साथ सहवास किया हो 31:18 पर उन सभी **मादा बच्चों** को जिन्होंने किसी पुरुष के साथ सहवास न किया हो, उन्हें अपने लिए जीवित रखो।

एक्सोडस 23:24 तुम **दूसरों के गॉड** (ईश्वर) के सामने न तो झुकोगे और न उनकी सेवा करोगे, बल्कि उन्हें पूरी तरह से **विध्वंश** कर दोगे, उनकी **मूर्तियों** तोड़-फ़ोड़ कर नष्ट कर दोगे 34:13 तुम उनकी पूजा की वेदियों **ध्वंश** कर दोगे, उनकी **मूर्तियों** को तोड़ दोगे, उनके उपवनों को काट डालोगे 34:14 तुम किसी भी दूसरे भगवान की सेवा न करोगे क्योंकि लॉर्ड, जिसका नाम **ईर्ष्यालु** है, वह एक **ईर्ष्यालु ग़ॉड** हैं।

नाहुम 1:2 लॉर्ड **ईर्ष्यालु** हैं, और लॉर्ड बदला लेते हैं; जब लॉर्ड **बदला** लेते हैं तो

वह क्रोधोन्मत्त हो जाते हैं; लॉर्ड **प्रतिशोध** लेंगे अपने विरोधियों से; वे अपना क्रोध बरसाते हैं अपने **शत्रुओं** पर

ईसा का धर्म



गॉस्पेल कहते हैं **ईसा की जीवनी** एवं उनकी **शिक्षाओं** के संकलन को। सुनिए ईसा की कथनी मैथ्यू की जबानी। **संत** मैथ्यू ईसा मसीह के बारह **मुख्य शिष्यों** में से एक थे और उन्होंने **ईसा से जो सुना** और सीखा उसे गॉस्पेल में **लिपिबद्ध** किया। **संत** ल्यूक बाइबिल में एक गॉस्पेल के लेखक हैं। **संत** थॉमस ईसा मसीह के बारह **मुख्य शिष्यों** में से एक थे और उन्होंने **ईसा से जो सुना** और सीखा उसे अपने गॉस्पेल में **लिपिबद्ध** किया। सुनिए ईसा की कथनी मैथ्यू, ल्यूक तथा थॉमस की जबानी।

मैथ्यू 10:34 **न सोचो कि** मैं आया हूँ विश्व में शांति लाने के लिए - मैं आया हूँ **शांति के लिए नहीं** बल्कि तलवार लिए 10:35 क्योंकि मैं आया हूँ आदमी को अपने

पिता के **विरुद्ध** खड़ा करने के लिए - पुत्री को माता के **विरुद्ध** - बहू को सास के **विरुद्ध** 10:36 - और **मनुष्य का शत्रु** होगा उसका **अपना परिवार** 12:30 वह जो मेरे **साथ नहीं** वह मेरे **विरुद्ध** है।

ल्यूक 12:51 **तुम समझते हो** कि मैं आया हूँ इस धरती को **अमन चैन** देने? मैं तुम्हें बताता हूँ - **नहीं**। मैं आया हूँ **बँटवारा** करने 12:52 क्योंकि **अब से** घर में पाँच **बटे होंगे** - तीन दो के **विरुद्ध** - दो तीन के **विरुद्ध** 12:53 पिता होगा पुत्र के **विरुद्ध** - पुत्र होगा पिता के **विरुद्ध** - माँ होगी पुत्री के **विरुद्ध** - पुत्री होगी माता के **विरुद्ध** - सास होगी बहू के **ख़िलाफ़** - बहू होगी सास के **ख़िलाफ़** 14:26 यदि एक व्यक्ति मेरे पास आता है और वह अपने **पिता** से **घृणा** नहीं करता - एवं **माता** से, **पत्नी** से, **संतानों** से, **भाई-बहनों** से, एवं अपने-आप से भी - तो वह मेरा शिष्य **नहीं** बन सकता।

गॉस्पेल ऑफ थॉमस 16 **ईसा ने कहा** संभवतः **लोग सोचते हैं** कि मैं आया हूँ विश्व में **शांति स्थापना** हेतु - **वे नहीं जानते** कि मैं आया हूँ इस धरती पर **फूट डालने** के लिए - आग, तलवार और **युद्ध फैलाने** के लिए - जहाँ पाँच होंगे एक परिवार में - वहाँ तीन होंगे दो के **विरुद्ध** और दो होंगे तीन के विरुद्ध - पिता होगा पुत्र के **विरुद्ध** और पुत्र पिता के - और वे डटे रहेंगे क्योंकि वे दोनों अपने आप में **अकेले** होंगे 56 जो अपने **पिता** से **घृणा** नहीं करेगा और अपनी **माता** से भी, वह मेरा शिष्य **नहीं** बन सकता। वह जो अपने **भाइओं** एवं **बहनों** से **घृणा** नहीं करेगा, और अपना क्रॉस नहीं ढोएगा जैसा कि मैंने किया है, वह मेरे योग्य न बन पायेगा।

क्या आपको ऐसा लगता है कि पवित्र बाइबिल की शिक्षायें उतनी ही पवित्र हैंजितना उसका नाम? क्या आपको लगता है कि ईसा **वास्तव में** प्रेम के संदेश वाहक थे? क्या आपको प्रेममय दिखता है यह संसार जब से ईसा अवतरित हुए हैं इस धरा पर? कलियुग का नाम लेकर बात को मत टालिए। तनिक गहराई से सोच कर देखिए। **कलियुग** का आरंभ तो पाँच हजार वर्ष पहले हुआ। तब से अब तक के समय को दो हिस्सों में बाँटिए - पहला हिस्सा ईसा के पहले तीन हजार वर्षों का - दूसरा हिस्सा ईसा के बाद के दो हजार वर्षों का। अब दोनों हिस्सों की **तुलना कर** के देखिए। आपको युद्ध, खून-खराबा, आगजनी, समाज में वैमनस्य, परिवार में वैमनस्य, ये सारे दुर्गुण ईसा के पहले के तीन हजार वर्षों में अधिक दिखते हैं **या फिर** ईसा के बाद के दो हजार वर्षों में? इस बात पर भी ध्यान दीजिए कि हिन्दू परिवारों में विघटन एवं वैमनस्य की **बाढ़ कब से** आई? समय को दो हिस्सों में बाँटिए - एक **तब तक** जब तक हमारी प्राचीन हिन्दू शिक्षा पद्धति रही - और **तब से** जब से ईसाई मिशनरियों द्वारा हम अंग्रेज़ी शिक्षा पद्धति के लपेट में आये। फिर सोच कर देखिए - समय के उस प्रथम खण्ड में हमारे हिन्दू परिवारों में विघटन एवं वैमनस्य की प्रक्रिया **किस हद तक रही** एवं समय के उस द्वितीय खण्ड में हमारे हिन्दू परिवारों में विघटन एवं वैमनस्य की प्रक्रिया **किस हद तक पनपी व फैली।**

तत्पश्चात सोच कर देखिए, ईसा ने इस धरा पर अपने अवतरण के जो **निहित उद्देश्य** अपने बारह मुख्य शिष्यों को बताये थे - वे शिष्य जो **सदा उनके साथ** रहते थे - तथा

उन शिष्यों ने बाइबिल में जो कुछ दर्ज किया था, जो आज भी **प्रमाणित दस्तावेज़** के रूप में उपलब्ध हैं, एवं जिन्हें **वैटिकन के पोप** की आधिकारिक **मान्यता प्राप्त** है - ईसा के उन निहित उद्देश्यों की **तुलना कीजिए** उन सब घटनाओं के साथ जो होती रही हैं ईसा के पश्चात इन दो हजार वर्षों में, और **तभी किसी निष्कर्ष** पर पहुँचे। अब तक आप जो कुछ सुनते, पढ़ते आये हैं उन्हें अपनी सोच पर **हावी होने न** दीजिए। सारी चीज को एक बार **पुनः नए सिरे से** सोचने की चेष्टा कीजिए। ध्यान रखें कि **सत्य हमेशा धुंध के पीछे छुपा** होता है। सत्य की परख के लिए उस नज़र की ज़रूरत होती है जो उस **धुंध को भेद सके।**

मुहम्मद का धर्म

कुर'आन सूरा 2 **अल'बकरा** आयत 193 **तब तक** उनसे लड़ते रहो, जब तक **मूर्ति पूजा** बिल्कुल खत्म न हो जाये और अल्लाह का मज़हब **सब पर** राज करे आयत 216 लड़ना तुम्हारी मजबूरी है, चाहे तुम **कितना भी** नापसंद करो इसे।

कुर'आन सूरा 4 **अन'निसा** आयत 91 वे जो पीठ मोड़ लें, उन्हें पकड़ो जहाँ भी उन्हें पाओ, और उन्हें हिंसा पूर्वक कत्ल कर डालो आयत 56 वे जो अल्लाह के आदेश को नहीं मानते हैं, हम उन्हें आग में झोंक देंगे और जब उनकी चमड़ी पिघल जाए तो हम उनकी जगह नई चमड़ियाँ डाल देंगे ताकि उन्हें स्वाद मिले **यंत्रणा** का। अल्लाह सबसे अधिक शक्तिमान हैं एवं विवेक पूर्ण हैं।

कुर'आन सूरा 8 **अल'अन्फ़ाल** आयत 12 **जो मेरे अनुयायी नहीं हैं**, मैं उनके हृदयों में आतंक भर दूँगा। उनके सर धड़ से अलग कर दो, उनके हाथ और पाँव को इस कदर जखमी कर दो कि वे किसी भी काम के **लायक न रह** जायें आयत

15 से 18 तक वो तुम नहीं, बल्कि अल्लाह था, **जिसने हिंसापूर्ण** ढंग से उन्हें मार डाला। वह तुम नहीं थे जिसने उन पर दृढ़ता पूर्वक प्रहार किया। अल्लाह ने उन पर दृढ़ता पूर्वक प्रहार किया ताकि वह तुम जैसे अनुयायी को भरपूर पुरस्कार दे सके आयत 39 तब तक उन पर हमला करते रहो जब तक **मूर्ति पूजा** का नामों निशाँ न मिट जाये और सब **अल्लाह के मज़हब** के अधीन न हो जायें। आयत 67 पैगंबर, युद्ध बंदी **तब तक न बनायेगा**, जब तक वह, उस जमीन पर **कत्लेआम** न कर ले।

कुर'आन सूरा 9 **अत'तौबा** आयत 2-3 अल्लाह एवं उनके पैगंबर मुक्त हैं, किसी भी दायित्व से, **मूर्ति पूजकों** के प्रति... उन्हें ऐसी सजा दो कि वे शोक ग्रस्त हो जायें आयत 5 जब हराम महीने बीत जायें तो **मूर्तिपूजकों** को कत्ल कर डालो **जहाँ भी पाओ** उन्हें। **छिप कर** घात लगाये बैठे रहो उन पर आक्रमण करने के लिए। उन्हें घेर लो और बन्दी बना लो। यदि उन्हें **मूर्तिपूजक** होने का पछतावा हो और वे **इस्लाम कबूल** कर लें, **नमाज़ पढ़ें**, **ज़कात** (कर) दें तब उनका मार्ग छोड़ दो। अल्लाह ने उन्हें क्षमा किया और उन पर दया की आयत 7 अल्लाह और उनके पैगंबर **मूर्ति पूजकों** को विश्वास की दृष्टि से नहीं देखते आयत 39 ऐ मुसलमानों, अगर तुम **युद्ध न करो** तो अल्लाह तुम्हें कड़ी सजा देगा और तुम्हारी जगह पर दूसरे आदमी को लायेगा आयत 41 चाहे तुम्हारे पास हथियार हों या न हो, चल पड़ो, और लड़ो **अल्लाह की खातिर**, अपने धन और अपने शरीर के साथ आयत 73 ओ पैगंबर! **जो मुझमें** विश्वास नहीं करते, उनसे युद्ध छेड़ो। उन पर कठोर बनो। उनका अंतिम ठिकाना नरक है, एक दुर्भाग्य पूर्ण यात्रा का अंतिम चरण आयत 123 मुसलमानों, तुम्हारे **आस-पास** जो भी गैर-मुसलमान बसते हैं, हमला बोल दो उन पर, उन्हें जताओ कि तुम कितने कठोर हो।

कुर'आन सूरा 22 **अल'हज़्ज़** आयत 19-22 आग के परिधान (वस्त्र) बनाये गए हैं उनके लिए **जो इस्लाम को नहीं अपनाते**। उबलता हुआ पानी उनके सर पर डाला जायेगा ताकि उनकी चमड़ी भी पिघल जाए और वह सब भी पिघल जाए जो उनके पेट में है (अँतड़ियाँ भी)। उन पर कोड़े बरसाये जाएँ, आग में तपते हुए लाल लोहे के बने कोड़ों से।

कुर'आन सूरा 33 **अल'अहज़ाब** आयत 36 जब अल्लाह एवं उसके पैगंबर ने निर्णय कर लिया है, किसी भी बात पर, तो किसी **मुसलमान** मर्द या औरत को **यह हक नहीं** कि वह उस बारे में, **कुछ भी** कह सके।

कुर'आन सूरा 47 **मुहम्मद** आयत 4 से 15 तक जब तुम्हारा सामना हो गैर-मुसलमानों से, युद्धभूमि पर, उनके सर काट डालो। जब तुम उन्हें कुचल डालो तो कस कर बाँधो। उनसे धन वसूल करो। उनके हथियार डलवा दो। तुम ऐसा ही करोगे। यदि अल्लाह ने चाहा होता तो वह स्वयं उन्हें नष्ट कर देता, तुम्हारी सहायता के बिना। पर उसने यह आदेश दिया है, ताकि वह **तुम्हारी परीक्षा** ले सके। और वे जो **अल्लाह के लिए** लड़ते हुए कट मरेंगे, अल्लाह उनके काम को व्यर्थ न जाने देगा। वह उन्हें जन्नत में बुला लेगा। अल्लाह का वचन है यह। मुसलमानों, यदि तुम अल्लाह की सहायता करते हो, तो अल्लाह तुम्हारी सहायता करेगा, और तुम्हें मज़बूत बनायेगा। पर जो अल्लाह का न होगा वह **अनन्त काल तक** नरक में सड़ेगा। अल्लाह **केवल मुसलमानों** की ही रक्षा करेगा। गैर-मुसलमानों का कोई भी

रखवाला नहीं। जो सच्चे धर्म (इस्लाम) को अपनायेंगे उन्हें अल्लाह जन्नत में दाखिल करेगा। **जो मुसलमान नहीं बनेंगे**, वे वही खायेंगे जो जानवर खाते हैं, नर्क उनका घर होगा... वे वहाँ अनन्त काल तक रहेंगे, और खौलता हुआ पानी पिएँगे जो उनकी अँतड़ियों को चीर देगा।

कुर'आन सूरा 48 **अल'फ़तह** आयत 29 मुहम्मद अल्लाह के पैगंबर हैं। जो उनका अनुसरण करते हैं वे गैर-मुसलमानों के प्रति **बेरहम** होते हैं पर एक दूसरे (मुसलमानों) के प्रति **कृपालु** होते हैं।

कुर'आन सूरा 60 **अल'मुम्तहना** आयत 4 **शत्रुता** एवं **घृणा** ही रहेगी हमारे बीच **तब तक** जब तक तुम **केवल** अल्लाह के बंदे न बन जाओ।

कुर'आन सूरा 66 **अत'तहरीम** आयत 9 ओ पैगंबर! **जो मुझमें** (अल्लाह में) विश्वास नहीं करते, उन पर हमला करो और उनके साथ कठोरता से पेश आओ। नर्क उनका निवास होगा, दुर्भाग्य पूर्ण उनका भाग्य होगा।

कुर'आन सूरा 69 **अल'हक्का** आयत 30-33 - उसे पकड़ो और उसे बाँधो। जलाओ उसको नर्क की आग में और उसके बाद बाँधो उसे एक जंजीर से, जो हो सत्तर क्युबिट लंबा, क्योंकि **उसने अल्लाह को नहीं स्वीकारा**, जो हैं सबसे ऊपर।

हिन्दू धर्म

भगवद्गीता अध्याय 9 श्लोक 29 मैं सब भूतों में समभाव से व्यापक हूँ, **न कोई** मेरा **अप्रिय** है और **न प्रिय** है; परन्तु जो भक्त मुझको प्रेमसे भजते हैं, वे मुझमें हैं और मैं भी उनमें प्रत्यक्ष प्रकट हूँ।

ऋग्वेद 1-164-46 ब्रह्माण्डीय सत्य **एक** है परन्तु प्रज्ञावान उसे **भिन्न-भिन्न** ढंग से अनुभव करते हैं - जैसे इंद्र, मित्र, वरुण, अग्नि, शक्तिशाली गरुत्मत, यम एवं मतरिस्वन।

शिवमहिम्ना स्तोत्र 3 जिस प्रकार से अनगिनत नदियाँ **भिन्न-भिन्न मार्गों** से, सीधे या टेढ़े-मेढ़े रास्तों से, बहती हुई **अंत में** जाकर उसी सागर से मिलती हैं, उसी प्रकार सभी इच्छुक तुम (ईश्वर) तक जा पहुँचते हैं, अपनी-अपनी **चेष्टाओं** के द्वारा, अपनी-अपनी **रुचि** और **योग्यता** के अनुसार।

तैत्रीय उपनिशद ब्रह्मवल्लि एवं भृगुवल्लि, शांति मंत्र - ईश्वर **हम सभी** की रक्षा करें। ईश्वर **हम सभी** का पोषण करें। हम सभी साथ काम करें, **एक होकर** मानवता की भलाई के लिए। हमारा ज्ञान ज्योतिर्मय हो एवं **अर्थपूर्ण** हो। हममें एक-दूसरे के प्रति **घृणा न** हो। **चारों तरफ** शांति हो, **सम्पूर्ण शांति** हो।

तैत्रीय अरण्यक चतुर्थ प्रश्न, प्रवर्ग्य मंत्र, 42वा अनुवाक - पृथ्वी पर **शांति** हो, आकाश में **शांति** हो, स्वर्ग में **शांति** हो, सभी दिशाओं में **शांति** हो, अग्नि में **शांति** हो, वायु में **शांति** हो, सूर्य में **शांति** हो, चंद्रमा में **शांति** हो, ग्रहों में **शांति** हो, जल में **शांति** हो, पौधों में **शांति** हो, जड़ी-बूटियों में **शांति** हो, पेड़ों में **शांति** हो, गाय-बैलों में **शांति** हो, बकरियों में **शांति** हो, घोड़ों में **शांति** हो, मानवों में **शांति** हो, ब्रह्म में **शांति** हो, उन व्यक्तियों में **शांति** हो जिन्होंने ब्रह्म को पाया हो, **शांति** हो,

केवल **शांति** हो। वह **शांति** मुझमें हो, केवल **शांति**! उस **शांति** के द्वारा अपने-आपमें शांति **स्थायी** कर सकूँ, और सभी द्विपादों में एवं चतुर्पादों में। ईश्वर करें मुझमें शांति हो, **केवल** शांति।

सर्वे शाम - सब का भला हो। **सब के** लिए शांति हो। **सभी** पूर्णता के योग्य हों एवं **सभी** उसकी अनुभूति करें जो शुभ हो। **सभी** आनन्दित हों। **सभी** स्वस्थ हों। **सभी** के जीवन में वह हो जो भला है एवं **कोई भी** कष्ट में न हो।

तैत्रीय उपनिषद शिक्षावल्लि, 10वा अनुवाक **-** देवी-देवताओं एवं पूर्वजों के प्रति **अपने दायित्वों** की अवहेलना न करो। तुम्हारी **माता** तुम्हारे लिए एक देवी स्वरूप हों। तुम्हारे **पिता** तुम्हारे लिए एक देवता स्वरूप हों। तुम्हारे **गुरु** तुम्हारे लिए एक देवता स्वरूप हों। तुम्हारे **अतिथि** तुम्हारे लिए एक देवता स्वरूप हों। जहाँ भी तुम **दोष रहित कर्मों** को किए जाते हुए देखो, **केवल उन्हीं का** अनुसरण करो, अन्य कर्मों का नहीं। हम जो तुम्हारे गुरु हैं, जब तुमने देखा है हमें अच्छे कर्म करते हुए तो **केवल उन्हीं कर्मों का** अनुसरण करो।

बृहद अरण्यक उपनिषद प्रथम अध्याय, तृतीय ब्रह्मणा, 28वा मंत्र **-** हे ईश्वर! कृपया मुझे ले चलो **नश्वर से अनश्वर** की ओर। ले चलो **अज्ञान से ज्ञान** की ओर। ले चलो मुझे **आवागमन** की प्रक्रिया से मुक्त कर **मोक्ष** की ओर। शांति हो, शांति एवं **सम्पूर्ण शांति**।

मनु स्मृति 7-90 जब राजा अपने शत्रु से युद्ध भूमि पर लड़े तो वह किसी ऐसे अस्त्र का प्रयोग **न करे** जो **छुपा** हुआ हो, **कँटीले तारों** से बुना हुआ हो, **विष बुझा** हो, अथवा जिसके फलक से **आग** लपलपा रही हो 7-91 राजा **उस पर** वार **न** करे जो युद्ध भूमि छोड़ कर भाग रहा हो अथवा डर के मारे पेड़ पर चढ़ गया हो। राजा **उस पर** वार **न** करे जो नपुंसक हो, या जिसने विनय पूर्वक दोनों हाथ जोड़ लिए हों, अथवा जो युद्ध भूमि से पलायन कर रहा हो, या जिसने घुटने टेक दिए हों और कहता हो कि मैं तुम्हारी शरण में हूँ 7-92 **न उस पर** जो सो रहा हो, या जिसके कवच खो गए हों, अथवा जो नग्नावस्था में हो, या फिर जिसने हथियार डाल दिए हों, **न उस पर** जो युद्ध में भाग न लेता हुआ केवल एक दर्शक मात्र हो, **न उस पर** जो एक दूसरे शत्रु से युद्ध कर रहा हो 7-93 **न उस पर** जिसके अस्त्र टूट चुके हों, **न उस पर** जो शोक में डूबा हुआ हो, **न उस पर** जो भीषण रूप से घायल हो, **न उस पर** जो आतंकित हो, **न उस पर** जो युद्ध क्षेत्र से भाग रहा हो। राजा के ध्यान में रहे एक **गौरवपूर्ण योद्धा** की आचरण-संहिता।

ISBN 81-89746-15-4 (2006) पर आधारित

2 - हिन्दू धर्म आचार्य सभा

समस्त परंपरागत हिन्दू धर्माचार्यों (उदाहरण के लिए शंकराचार्य, महामण्डलेश्वर, पीठाधीश्वर, इत्यादि) को एकत्र कर हिन्दूधर्म के हितों की रक्षा हेतु जो कुछ आवश्यक हो, उस दिशा में कदम उठाने के लिए हिन्दू धर्म आचार्य सभा की स्थापना हुई थी। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु हिन्दू धर्म आचार्य सभा की दो बैठकें हुईं यहूदी धर्म के प्रमुख रब्बी एवं यहूदी धर्म के उच्चस्तरीय धर्मगुरुओं के साथ। **हिन्दू धर्म आचार्य सभा की दृष्टि में ये बैठकें कितनी महत्वपूर्ण थीं इसका अंदाज़ा आपको नीचे दिए गए दो संकेतों से मिल सकता है।**

संकेत 1 - हिन्दू-यहूदी शीर्षस्थ नेतृत्व की प्रथम बैठक फरवरी 2007 (अर्श विद्या न्यूज़लेटर - मई 2007 - आवरण पृष्ठ -'फ्रंट')



Pujya Swamiji & Chief Rabbi of Israel meeting the President of India after Hindu-Jewish Leadership Summit held in February 2007

आप देख रहे हैं भारत के राष्ट्रपति ए-पी-जे अब्दुल कलाम को, यहूदी धर्म के प्रमुख रब्बी को (काला कोट काली टोपी पहने), तथा हिन्दू धर्म आचार्य सभा के प्रमुख धर्मगुरू को (गेरुए वस्त्र में)। यह थी पहली बैठक - इसके लिए रास्ता तैयार किया जा रहा था काफ़ी समय से। इसके पहले भी - मुंबई के विले पार्ले स्थित सन्यास आश्रम में जब हिन्दू धर्म आचार्य सभा का द्वितीय सम्मेलन हुआ था तब भी - यहूदी धर्म के प्रतिनिधि को "हिन्दू धर्म के आचार्यों की सभा में" भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था।

संकेत 2 - हिन्दू-यहूदी शीर्षस्थ नेतृत्व की द्वितीय बैठक फरवरी 2008 (अर्श विद्या न्यूज़लेटर - मार्च 2008 - आवरण पृष्ठ - 'बैक')



Second Hindu-Jewish Leadership Summit

3 - यहूदी धर्म

हिन्दू धर्म आचार्य सभा की उपरोक्त गतिविधियों के संदर्भ में यह अनुचित न होगा कि हम यहूदी धर्म के **असली स्वरूप** को अच्छी तरह जान लें। मित्र चुनते समय उनके चरित्र तथा जीवन-मूल्यों को समझना उचित होता है क्योंकि **उनका साथ** हमारे अपने चरित्र तथा हमारे अपने जीवन-मूल्यों को भी प्रभावित करता है - कर सकता है।

ईसाई बाइबिल का प्रथम खण्ड ओल्ड टेस्टामेन्ट **यहूदी मूल** का है। थोड़े समय के लिए इसे एक **"बीज"** के रूप में कल्पना करें। इस बीज ने एक अनोखी प्रक्रिया को जन्म दिया जो है - **पृथ्वी पर वर्तमान समस्त संस्कृतियों का समूल नाश कर दो। इसी बीज से उत्पत्ति हुई ईसाई धर्म तथा इस्लाम की।**

संदर्भ - ऑक्सफ़ोर्ड शब्दकोश पृष्ठ 1291, 988, 5, 1955, 1374

> "ओल्ड टेस्टामेन्ट - ईसाई बाइबिल का प्रथम खण्ड"
>
> "यहूदी धर्म - यहूदियों का एकेश्वरवादी धर्म - इसके उद्भव के लिए यहूदी धर्म देखता है इन धर्मग्रंथों की ओर (1) बाइबिल में लिपिबद्ध - ईश्वर की अब्राहम से की गई प्रतिज्ञा एवं (2) Torah (असली उच्चारण **टॉर्-अ**) में लिपिबद्ध, ईश्वर (जेहोवाह) द्वारा मोज़ेज़ (मूसा) को व्यक्त किए गए ईश्वरीय कानून"
>
> "अब्राहम - (बाइबिल में) - यहूदियों में मानव जाति का पिता जिसके वंशज हैं सभी यहूदी (अध्याय जेनेसिस 11:27 से 25:10)"
>
> "टॉर्-अ (Torah) - ईश्वर का कानून - जैसा कि ईश्वर ने व्यक्त किया मोज़ेज़ को - एवं इसे लिपिबद्ध किया गया हिब्रू धर्मग्रंथों के प्रथम पाँच पुस्तकों में (द पेन्टाट्यू)"
>
> "पेन्टाट्यू - ओल्ड टेस्टामेन्ट की प्रथम पाँच पुस्तकें (जेनेसिस, एक्सोडस, लेविइकस, नम्बर्स एवं डिउटेरॉनॉमी) - यहूदी नाम Torah (असली उच्चारण **टॉर्-अ** / हमारी सुविधा हेतु तोराह)"

अर्थात

"ईसाई बाइबिल" का प्रथम खण्ड है ओल्ड टेस्टामेन्ट। यहूदी इन धर्म ग्रन्थों को मानते हैं (अ) बाइबिल एवं उसमें दी गई "ईश्वर की अब्राहम से की गई" प्रतिज्ञा (ब) टॉर्-अ एवं उसमें दर्ज की गई "ईश्वर द्वारा मोज़ेज़ (मूसा) को व्यक्त किए गए" ईश्वरीय कानून। **अब्राहम का स्थान यहूदियों, ईसाइयों एवं मुसलमानों में वही है, जो मनु का स्थान हिंदुओं में है।** हिब्रू धर्मग्रंथों के प्रथम पाँच पुस्तकों में यहूदियों के ईश्वर के कानून दर्ज हैं जिन्हें टॉर्-अ या पेन्टाट्यू कहा जाता है। बाइबिल के प्रथम पाँच पुस्तकों (जेनेसिस, एक्सोडस, लेविइकस, नम्बर्स एवं डिउटेरॉनॉमी) को भी पेन्टाट्यू या टॉर्-अ कहा जाता है। **अर्थात यहूदियों के ईश्वरीय कानून को जानने के लिए ईसाई बाइबिल ही पर्याप्त है।**

पवित्र बाइबिल में यहूदी धर्म के ओल्ड टेस्टामेन्ट के लॉर्ड (ईश्वर) के वे कानून जो अन्य धर्मों के अस्तित्व पर सीधा चोट करते हैं

पूरी तरह से नष्ट कर दो उन राष्ट्रों को - जो किसी भी अन्य ईश्वर की पूजा करते हों - जब उन पर तुम अपना अधिकार करो। पूरी तरह से पराजित कर दो उनके देवताओं को, तोड़ डालो उनकी सभी मूर्तियाँ। नष्ट कर दो हर उस चीज को जो उनके देवताओं के पूजा की विधि से जुड़े हों। उनके देवताओं के मूर्तियों को नष्ट कर दो और उस स्थान से उनके देवताओं के नाम और निशान तक मिटा दो। हिंसक भाव से कत्ल कर डालो उनके बच्चों को - उन्हीं की आँखों के सामने - उजाड़ डालो उनके घरों को - और बलात्कार करो उनकी पत्नियों का। उनके प्रत्येक नन्हें बालक का कत्ल कर डालो - उनकी स्त्रियों को मार डालो - पर उनकी कुमारियों को अपने लिए जीवित रखो। माँ का दूध पीते बच्चों को न छोड़ो और सफ़ेद बाल वाले बूढ़ों को भी न बख्शो। पालन करते रहो इन नियमों का - जब तक तुम जीयो इस धरती पर - कभी भी मत भूलो इन्हें।

पवित्र बाइबिल का ओल्ड टेस्टामेन्ट किस गॉड तक पहुँचाने का रास्ता दिखाता है? क्या उसी रास्ते से हम हिन्दू धर्म के ईश्वर तक भी पहुँच सकते हैं?

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **डिउटेरॉनॉमी** 12:2 "तुम **पूरी तरह विनाश** कर दोगे उन सभी स्थानों का जिन पर **तुमने अधिकार किया,** यदि वहाँ के लोग **किसी भी अन्य भगवान** की पूजा करते हों, चाहे वे ऊँचे पर्वतों पर बसते हों, या पहाड़ियों पर, या फिर हरी-भरी वादियों में।"

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **डिउटेरॉनॉमी** 20:16 एवं 20:17 "उन शहरों को जिनका तुम्हें - तुम्हारे भगवान ने **उत्तराधिकारी बनाया** - उन शहरों के लोगों में से **किसी को भी साँस लेता न छोड़ना** - उन्हें **पूर्णतया नष्ट** कर देना।"

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **डिउटेरॉनॉमी** 32:24 एवं 32:25 "उन्हें भूख से **तड़पाओ** और जलती हुई **आग की लपटों** को निगल जाने दो उनके शरीरों को, उनकी मौत अत्यंत दुःखद हो, मैं भी भेजूँगा जानवरों को जिनके दाँत उनके शरीरों पर गड़ेंगे और साँपों को जिनका विष उन्हें धूल चटाएगा - बिना तलवार के उनके दिलों में **आतंक** भर दो, **नष्ट** कर दो जवाँ मर्दों को, कुमारियों को, **माँ का दूध पीते नन्हे बच्चों** को, और **वृद्धों को जिनके बाल पक चुके हों।"**

"डिउटेरॉनॉमी, बाइबिल की पाँचवी पुस्तक" ऑक्सफ़ोर्ड डिक्शनरी पृष्ठ 504

यहूदियों का लॉर्ड अपने अनुयायियों से कह ता है कि उन संस्कृतियों का विनाश कर दो जो मेरी पूजा नहीं करते

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **एक्सोडस** 23:24"तुम दूसरों के गॉड (ईश्वर) के सामने न तो झुकोगे और न उनकी सेवा करोगे, बल्कि उन्हें पूरी तरह से विध्वंश कर दोगे, उनकी मूर्तियों को तोड़-फ़ोड़ कर नष्ट कर दोगे।"

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **एक्सोडस** 34:13 "तुम उनकी पूजा की वेदियों को **ध्वंश कर दोगे**, उनकी मूर्तियों को **तोड़ दोगे,** उनके उपवनों को काट डालोगे।"

"एक्सोडस - बाइबिल की दूसरी पुस्तक" ऑक्सफ़ोर्ड डिक्शनरी पृष्ठ 645

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **डिउटेरॉनॉमी** 12:3 "और तुम उनके पूजा की वेदियों को **विध्वंश कर दोगे,** उनके पूजा के स्तम्भों को तोड़ दोगे, उनके उपवनों को **जला दोगे,** उनके देवी-देवताओं के अंकित चित्रों को चीर डालोगे, गढ़ी हुई मूर्तियों को काट डालोगे, उनका **नाम तक वहाँ से मिटा डालोगे।"**

उनकी पत्नियों एवं बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करो -

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **ईसाइयाह** 13:16 "उनकी **आँखों के सामने** उनके **बच्चों को पूरी शक्ति के साथ उठा कर पटको** ताकि उनके टुकड़े-टुकड़े हो जायें, और उनकी **पत्नियों का बलात्कार करो।"**

"ईसाइयाह - एक बड़ा महत्वपूर्ण **हिब्रू (यहूदी) पैगम्बर** था" ऑक्सफ़ोर्ड डिक्शनरी पृ 966

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **नम्बर्स** 31:17 एवं 31:18 "**बच्चों में** प्रत्येक नर का **कत्ल कर डालो** और प्रत्येक उस स्त्री का भी जिसने किसी पुरुष के साथ सहवास किया हो - पर उन सभी **मादा बच्चों** को जिन्होंने किसी पुरुष के साथ सहवास न किया हो, उन्हें **अपने लिए जीवित रखो**।"

"नम्बर्स - बाइबिल की चौथी पुस्तक" ऑक्सफ़ोर्ड डिक्शनरी पृष्ठ 1272

क्या सभी रास्ते **एक ही ईश्वर** तक ले जाते हैं? क्या वे सभी **एक ही ईश्वर** की बात कर रहे हैं? बाइबिल के ईश्वर का व्यक्तित्व इतना अलग और भगवद्गीता के ईश्वर का व्यक्तित्व इतना अलग **- ऐसा क्यों?** क्या हम हिंदुओं के प्रति **न्याय कर रहे हैं** - उनसे यह कह कर कि **अपनी आँखों पर पट्टी** बाँध लो, अपने **कान ढाँप** लो, अपने **होठों को सी** लो?

जब हिन्दू को यह बताया जाता है कि **सभी धर्म एक समान हैं** तो वह सभी धर्मों को एक दृष्टि से देखता है। दूसरे धर्म, जो हिन्दू धर्म को धीरे-धीरे **मिटा देने के लिए** सदा से कार्यरत रहे हैं, उनकी तरफ से, अपनी ओर बढ़ रहे, खतरे से वह **पूरी तरह अनभिज्ञ** रहता है।

यदि हम अपनी संतानों को एक ऐसी विचाार-धारा के साथ पाल कर बड़ा करें - जो एक **बड़े भारी असत्य के आधार पर** खड़ा हो - तो हम उनसे यह नहीं आशा कर सकते हैं कि वे बड़े होकर - **अपने प्रति एवं समाज के प्रति** - सत्यनिष्ठ बनेंगे। जब हम उन्हें निहत्था कर देते हैं - **उनकी सोच और समझ को** एक बड़े असत्य से ढाँक कर तो मूलतः हम **अपने उत्तराधिकारियों के रूप में** कापुरुषों एवं पाखण्डियों का एक झुंड तैयार करते हैं।

इस कारण हमारे लिए सच्चाइयों को जानना अत्यंत आवश्यक है। हमारे लिए यह भी अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने प्रति, अपनी संततियों के प्रति, एवं अपने समाज के प्रति सत्यनिष्ठ बनें, **जो कदापि संभव नहीं** यदि हम सत्य को उसके नग्न स्वरूप में देखने का साहस न जुटा पायें। यदि हम अपने इस दायित्व से चूक जाते हैं तो **इतिहास हमें कभी क्षमा नहीं करेगा।**

यहाँ छुपा है स्थायित्व का बीज

पवित्र बाइबिल - ओल्ड टेस्टामेंट - **डिउटेरॉनॉमी** 12:1 "ये हैं (बाइबिल के) लॉर्ड (ईश्वर) के विधान (कानून) जिनका तुम पालन करोगे तब तक **जब तक तुम इस पृथ्वी पर जिओगे।"**

क्या उनके गॉड के ये विधान केवल पवित्र बाइबिल के पन्नों तक ही सीमित रहे? या फिर उन्होंने इनका अक्षरशः पालन भी किया?

"द एम्पायर ऑफ़ द सोल " में पॉल विलियम रॉबर्टस लिखते हैं

